तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 20 अक्टूबर 2025

18 मां लक्ष्मी की प्रतिमा केशला में स्थापित



18 महालक्ष्मी, महासरस्वती व श्रीगणेश की मल्दा में पूजा





# क्रिकेटर, धर्मप्रेमी और समाज सेवकों की रंगोली बनाकर किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

शहर में रंगोली देखने की प्रथा दीप पर्व की दीपों की माला के साथ पिछले 50 वर्षों से हो रहा है। वैसे तो रंगीली आदिकाल से दीपावली पर शुभ कार्य में बनाई जाती रही है। अभी वर्तमान में नगर के कुछ घरों में रंगोली उत्सव को प्रदर्शनी के रूप में प्रस्तुत करते हैं। वहीं 35 वर्षों से लगातार शहर के लोग रंगोली की कलाकृति का अवलोकन भी करते आ रहे हैं और जिस घर में रंगोली बनती है उनका सम्मानजनक स्वागत भी होता हैं और अपनी कला को प्रदर्शित करते हैं।


## मुधड़ा हाउस की रंगोली चर्चित





भाटापारा की रंगोली में कलाकारों क्रिकेट के खिलाड़ी समाज सेवी और धर्म प्रेमी की रंगोली बनाकर सम्मान किया जाता है और धर्म के प्रति समर्पण की भावना से समर्पित रहती है। मुधड़ा हाउस की रंगोली भाटापारा की चर्चित रंगोली में गिनी जाती है। 28 वर्षों से राजनीतिक लोक संस्कृति क्रीडा जगत धर्म के प्रति समर्पण के साथ सभी लोगों द्वारा रंगोली बनाई जाती है। शहर के मंडी रोड स्थित मुधड़ा हाऊस में लगातार पांच दिनो तक संगीत मय रंगोली उत्सव मनाया जाता है। इस वर्ष भी पांच दिनों तक रंगोली उत्सव मनाया जाएगा। जिसकी जोर शोर से तैयारी चल रही है। लोग यहां की रंगोली देखने और संगीत का आनंद लेने बड़ी संख्या में सह परिवार पहुंचते है और कलाकृत रंगोली देख गदगद हो जाते है। 20 तारीख और 21 तारीख को गजल का और संगीत का विशेष प्रोग्राम है रात के 9:00 बजे से 12:00 तक सभी आमंत्रित हैं





## खबर संक्षेप

### रिश्वत मांगने के आरोप में सहायक संचालक निलंबित

**बलौदाबाजार।** स्कूल शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बलौदाबाजार में पदस्थ सहायक संचालक राकेश शर्मा को रिश्वत मांगने और सेवानिवृत्त कर्मचारी को प्रताड़ित करने के आरोपों पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई सेवानिवृत्त व्याख्याता आर. सोमेश्वर राव द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर की गई है। आर. सोमेश्वर राव ने दिनांक 3 अक्टूबर को विभाग को एक लिखित शिकायत प्रस्तुत की थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था की सहायक संचालक राकेश शर्मा ने उनके पेंशन प्रकरण के निराकरण के एवज में उनसे रिश्वत की मांग की। शर्मा द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ दुर्भावना पूर्वक कार्य करते हुए उन्हें डराया-धमकाया जा रहा था और अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा था।शिकायत प्राप्त होने के बाद विभाग द्वारा मामले की प्रारंभिक जाँच कराई गई। जाँच में आरोपों को गंभीर मानते हुए, विभाग की अवर सचिव समिता भोले ने निलंबन आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि राकेश शर्मा का यह आचरण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 3 का उल्लंघन तथा गंभीर कदाचार की श्रेणी में आता है। निलंबन अवधि के दौरान राकेश शर्मा का मुख्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, स्कूल शिक्षा रायपुर कार्यालय निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता (सब्सिस्टेंस अलाउंस) प्रदान किया जाएगा।

### 9वीं और 11वीं में प्रवेश पंजीयन 21 तक

**गोपालपुर।** शिक्षा सत्र 2026-27 में जवाहर नवोदय विद्यालयों के कक्षा 9वी और 11वीं में लेटरल एंट्री प्रवेश चयन परीक्षा में शामिल होने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की तिथि में वृद्धि कर अंतिम तिथि 21 अक्टूबर 2025 निर्धारित की गई है। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय की वेबसाईट नवोदय डॉट जीओवी डॉट इन पर आनलाइन रजिस्ट्रेशन की जा रही है।

### दिवाली : आकर्षक परिधानों में सजी बालिकाएं और महिलाओं का सुआ नृत्य कर रहा भावविभोर

# संस्कृति-परंपरा का अनूठा संगम सुआ गीत और नृत्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला

दीपावली के पावन पर्व पर सुहेला क्षेत्र में पारंपरिक सुआ गीत और नृत्य की गूंज सुनाई दी, जब ग्रामीण महिलाएं और बच्चे उल्लासपूर्वक समूह बनाकर गांव-गांव भ्रमण करते नजर आए। यह आयोजन न केवल छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत करता है, बल्कि ग्रामीण जीवन में सामाजिक समरसता और उत्सव की भावना को भी मजबूत करता है। त्यौहार की रौनक के बीच महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सजकर, सिर पर सुआ (तोते का प्रतीक) रखकर लोक गीत गाती हुई विभिन्न गांवों का भ्रमण करती हैं। बच्चों की टोलियां भी इस उत्सव में उत्साह से भाग लेती हैं, जिससे पूरा वातावरण आनंदमय और जीवंत हो उठता है। स्थानीय लोग इन कलाकारों का स्वागत करते हैं, सम्मानित करते हैं और उनके साथ त्यौहार की खुशियाँ साझा करते हैं।

## टोकरी में सुआ की प्रतिमा के समान दीप जलाकर कर करती हैं नृत्य



### मनोरंज और जीवन के लिए होता है संदेश

स्थानीय समाज का उत्साह- सुहेला क्षेत्र के ग्रामीणों ने इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लिया। गांवों के बीच सांस्कृतिक मेलजोल देखने को मिला, जहां सभी वर्गों के लोग एक साथ आकर आनंदित हुए। स्थानीय नेताओं और समाजसेवियों ने भी इस पहल की सराहना की और इसे नई पीढ़ी तक पहुँचाने पर बल दिया। इस तरह दीपावली पर आयोजित सुआ गीत न केवल मनोरंजन का साधन रहा, बल्कि उसने पारंपरिक लोक संस्कृति को संरक्षित और प्रोत्साहित करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### प्रेम और वियोग का होता है गीत में संगम

सुआ गीत का सांस्कृतिक महत्व- सुआ गीत छत्तीसगढ़ की लोक परंपराओं में एक विशिष्ट स्थान रखता है। इसे मुख्य रूप से शिव-पार्वती के विवाह का उत्सव मानते हुए गाया जाता है। साथ ही, यह महिलाओं को अपनी भावनाओं — प्रेम, वियोग, सुख-दुख — को व्यक्त करने का एक माध्यम भी प्रदान करता है। धान की कटाई के बाद इसे फसल की खुशहाली के प्रतीक के रूप में भी मनाया जाता है। यह उत्सव न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक आस्था से जुड़ा है, बल्कि यह सामाजिक जुड़ाव और पारंपरिक ज्ञान के आदान-प्रदान का भी एक महत्वपूर्ण अवसर है। महिलाएं समूह में नृत्य और गीत के माध्यम से अपनी सांस्कृतिक पहचान को सजीव बनाए रखती हैं।

## गांव-गांव में आकर्षक परिधानों में बालिका-महिलाओं का सुआ नृत्य

**अर्जुनी।** दीपों का पर्व दीपावली पर अर्जुनी, टोनाटार, मिरगी, नवागांव, पुरेना, टोपा, खम्हरिया, गोढ़ी, मोपर सहित अंचल के गांवों के चौक चौराहों गली मोहल्लों में इन दिनों छत्तीसगढ़ी सुआ नृत्य की गूंज सुनाई दे रही है। इसी तरह शासकीय नवीन पूर्व माध्यमिक शाला मिरगी में भी छत्तीसगढ़ की लोक परंपरा और संस्कृति से जुड़ा सुआ नृत्य कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। विद्यालय परिसर पूरे दिन लोकगीतों की मधुर ध्वनि ताल की लय और बच्चों के उल्लास पूर्ण चेहरों से गूंजता रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधान पाठक ईश्वर प्रसाद रजक द्वारा दीप प्रज्वलन और सुआ माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया गया। इसके पश्चात बालिकाओं ने एक से बढ़कर एक सुंदर प्रस्तुतियां दीं। सभी छात्राओं ने समूह में तालबद्ध होकर सुआ गीत गाए और पारंपरिक परिधान धारण कर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। उनके चेहरे की मुस्कान और झूमती लय ने वातावरण को पूरी तरह आनंदमय बना दिया। सुआ नृत्य में प्रकृति प्रेम भाईचारे और लोकजीवन की भावनाओं को बड़ी सुंदरता से व्यक्त किया गया। यह आयोजन बच्चों में अपनी लोक संस्कृति के प्रति सम्मान गर्व और जुड़ाव की भावना उत्पन्न करने का उत्कृष्ट प्रयास रहा। शिक्षक हेमकुमार देवांगन ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में सामूहिकता सहयोग आत्मविश्वास और मंच संचालन की कला को विकसित करने में मदद करते हैं। कार्यक्रम में



विद्यालय की लगभग सभी बालिकाओं ने भाग लिया जिनका उत्साह देखते ही बनता था। उपस्थित शिक्षकों पालकों एवं ग्रामवासियों ने बालिकाओं के प्रदर्शन की सराहना की और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधान पाठक ईश्वर प्रसाद रजक ने कहा कि सुआ नृत्य हमारी छत्तीसगढ़ी पहचान का प्रतीक है। इस तरह के आयोजन न केवल मनोरंजन के साधन हैं बल्कि हमारी परंपरा संस्कृति और मातृभूमि के प्रति प्रेम को भी बच्चों में जागृत करते हैं। सफल आयोजन के लिए शाला परिवार को संकुल प्राचार्य शैलेन्द्र भसगौरी, संकुल समन्वयक गिरीश वर्मा, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लुकेश कुमार साहू, उपाध्यक्ष चेतना साहू, उपसरपंच रोशन साहू, शिक्षाविद प्रीतराम साहू एवं समस्त सदस्यगणों ने शुभकामनाएं दीं।

# गिधौरी पुलिस के समाधान सेल को मिली कामयाबी, 10 जुआरी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

सूचना, शिकायत अथवा अपराधिक गतिविधि समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी क्रम में समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर आज दिनांक 18.10.2025 की रात्रि थाना गिधौरी की पुलिस द्वारा 03 अलग-अलग मामलों में ग्राम गिधौरी एवं ग्राम बलौदा में जुआ खेलते हुए 10 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी जुआरियों से नगदी 13,120 एवं 52 पत्ती ताश जप्त किया गया है। आरोपी जुआरियों के विरूद्ध थाना गिधौरी में छ.ग. जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की





धारा 3(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है।

आरोपी जुआरियों के नाम 1. अजय कुमार टंडन उम्र 30 वर्ष निवासी संजय चौक ग्राम बलौदा थाना गिधौरी 2. मोहन उम्र 35 वर्ष निवासी सबरिया डेरा ग्राम बलौदा थाना गिधौरी 3. अनंत कुमार पटेल उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम बलौदा थाना गिधौरी 4. पंकज कुमार पटेल उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम गिरौदपुरी चौकी गिरौदपुरी 5. देव कुमार पटेल उम्र 18 वर्ष निवासी बस स्टैंड गिरौदपुरी चौकी गिरौदपुरी 6. दुर्गेश पटेल उम्र 22 वर्ष निवासी जूनाडीह ग्राम बलौदा थाना गिधौरी 7. राज पटेल उम्र 27 वर्ष निवासी जूनाडीह ग्राम बलौदा थाना गिधौरी 8. जगदीश वैष्णव उम्र 55 वर्ष निवासी बंधई पारा ग्राम बलौदा थाना गिधौरी 9. ईश्वर यादव उम्र 33 वर्ष निवासी महामाया चौक ग्राम बलौदा थाना गिधौरी 10. अविनाश बंजारे उम्र 25 वर्ष निवासी टुण्डरा रोड गिधौरी थाना गिधौरी है।

# बिना लाइसेंस के पटाखा बेचते आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार।** भाटापारा पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में दीपावली पर्व पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अवैधानिक कार्यों में लिप्त एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी है। साथ ही, विजिबल पुलिसिंग के तहत भीड़भाड़ वाले क्षेत्र, मार्केट एरिया और सराफा बाजार आदि में पुलिस की पेट्रोलिंग लगातार जारी है। इसी क्रम में, दिनांक 18 अक्टूबर को चौकी करहीबाजार पुलिस द्वारा ग्राम रामपुर में शेरसिंग जगत उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम रामपुर, चौकी करहीबाजार अपने किराना दुकान में बिना लाइसेंस के अवैध रूप से पटाखा विक्रय करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।



प्रकरण में आरोपी से 37,560 कीमत मूल्य का 25 किलोग्राम मात्रा का पटाखा विधिवत जब्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध अपराध क्र. 1015/2025 धारा विस्फोटक अधिनियम 1984 की धारा 09(ख) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# तालदादर की वन भूमि से अतिक्रमण हटाया गया

**कसडोल।** बीते शुक्रवार को कोठारी परिक्षेत्र के ग्राम तालदादर (कक्ष क्रमांक 223) में वन क्षेत्र से सटे आबादी क्षेत्र में अतिक्रमण की सूचना प्राप्त होने पर कोठारी परिक्षेत्र अंतर्गत वन विभाग की टीम द्वारा मौके पर पहुँचकर जाँच की गई। मौका मुआयना के दौरान यह पाया गया कि लगभग 0.50 एकड़** क्षेत्र में तीन व्यक्तियों द्वारा झाड़ियों की कटाई एवं भूमि की सफ़ाई कर उस पर धनिया का बीज बोया गया था। बारनवापारा अधीक्षक कृषाणु चंद्राकर एवं परिक्षेत्र अधिकारी कोठारी जीवन लाल साहू के मार्गदर्शन में, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी दीक्षा पांडेय तथा कोठारी परिक्षेत्र के समस्त स्टॉफ की मौजूदगी में विभागीय कार्यवाही की





गई। बाद में संबंधित व्यक्तियों एवं विभाग के बीच आपसी सहमति से राजीनामा संपन्न हुआ, जिसके पश्चात अतिक्रमण हटा लिया गया। साथ ही संबंधित व्यक्तियों द्वारा भविष्य में इस प्रकार की गतिविधि न करने का लिखित आश्वासन विभाग को प्रदान किया गया। वन विभाग ने ग्रामीणजनों से अपील की है कि वे वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें तथा वन संरक्षण में विभाग का सहयोग करें।

### 50 से 200 रुपए तक धान की बाली से बने झूमर बिक रहे

# धान की बाली से बने झूमर की धूम, पक्षी संरक्षण की परंपरा

## मान्यता और महत्व

- धन-धान्य की मान्यता : धनतेरस और दीपावली पर धान की झालर लगाने से घर हमेशा धन-धान्य से भरे रहने की मान्यता है।
- माँ लक्ष्मी का स्वागत : घर के दरवाज़े पर माता लक्ष्मी के आगमन के लिए द्वार पर सुंदर आकृति के धान की बालियों का झालर या झूमर लगाने की परंपरा है।
- अन्न देवता का प्रतीक : झालर सुंदर दिखने के साथ ही अन्न देवता का प्रतीक है। गाँव-गाँव में पर्व विशेष पर हर घर में धान की बाली द्वार पर सजाने की परंपरा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

दीपावली के शुभ अवसर पर घर की सुख-समृद्धि के लिए धान की बाली लगाने की परंपरा है। इन दिनों खरोरा के बाजारों में धान की बाली से बने झूमर (झालर) खूब नज़र आ रहे हैं, जिनकी खरीदारी करने के लिए लोग बड़ी संख्या में पहुँच रहे हैं। इनकी कीमत कम से कम 50 और अधिकतम 200 तक है। गौरतलब है कि, धान को समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। दीपावली पर घर के मुख्य द्वार को सजाने के लिए अनेक सजावटी सामानों के बीच धान की बाली से बनी झालर को खूब पसंद किया जा रहा है। पूजा में धान का महत्व होने के चलते इसे लोग पूजन सामग्री के साथ खरीद रहे हैं। धान की अधपकी बालियाँ न



केवल घरों की मुंडेर पर रौनक बिखेरती हैं, बल्कि इन्हें सजाने की परंपरा के पीछे पशु-पक्षियों के संरक्षण की प्राचीन परंपरा भी कायम है। राज्य के कुछ हिस्सों में इसे 'फाक्ता' कहते हैं तो कहीं 'विरई-चुगनी'। घर की चौखट के ऊपर परंपरानुसार धान की झालर बाँधने का रिवाज़ है, जो आज भी ज्यादातर घरों के बाहर टंगी हुई दिखाई देती है।

### पक्षी संरक्षण की अनोखी प्रथा

त्यौहार के बाद इसे पक्षियों को खिलाने के लिए छत या आँगन में बिखेर दिया जाता है। ग्रामीण इलाकों में द्वार पर 'चिरई-चुगनी' टाँगने की यह परंपरा चली आ रही है। ऐसा माना जाता है कि जब धान पककर तैयार हो जाता है, तो धान काटने के बाद बालियों का झूमर बनाकर द्वार पर लगाया जाता है ताकि गौरैया, कबूतर, कोयल व अन्य पक्षी दाना चुग सकें। ऐसी मान्यता है कि इन बालियों में माँ लक्ष्मी का वास होता है और अन्न की पूजा होती है। इस बार भी दिवाली सीज़न में धान की बाली से बने झूमर बाजारों में सज गए हैं और लोग विभिन्न आकृति वाले झूमर और झालर खरीद रहे हैं।

# सीमेंट प्लांट के गार्ड से मारपीट, लूट चोरी के प्रयास में 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

अंबुजा सीमेंट प्लांट, रवान के सिक्योरिटी गार्ड भागीरथी यादव की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में तीन आरोपियों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर त्वरित कार्रवाई की गई है। प्रार्थी सिक्योरिटी गार्ड भागीरथी यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 15 अक्टूबर के करीबन 12:30 बजे, आरोपी लक्की वर्मा, योगेश यादव एवं शुभम ध्रुव प्लांट के अंदर घुसकर लोहे का चैनल इकट्ठा कर चोरी करने की फिराक में थे। प्रार्थी के ड्यूटी करते हुए वहाँ पहुँचने पर सभी आरोपी भाग गए। कुछ देर बाद, तीनों आरोपी वहां पुनः आए और सिक्योरिटी गार्ड को अश्लील गाली-गलौज कर, जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ एवं लोहे के धारदार वस्तु से हमला कर चोट



पहुँचाई। इसके अलावा, आरोपियों ने सिक्योरिटी गार्ड का मोबाइल फ़ोन भी छीन लिया और उसके कवर में रखे 4000 लूटकर भाग गए।

प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 1002/2025 धारा 109(1), 309(4), 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकरण में शामिल तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ करने पर आरोपियों ने चोरी करने के लिए प्लांट के अंदर जाना, गार्ड को देख लेने पर जान से मारने की धमकी देना, मारपीट कर चोट पहुंचाना तथा मोबाइल छीनकर 4000 लूटकर भाग जाना स्वीकार किया। प्रकरण में तीनों आरोपियों को आज दिनांक 19 अक्टूबर को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

























संकलनकर्ता : संजीव तिवारी, राजीव तिवारी (संवाददाता) हरिभूमि भाटापारा, मो. 9827166722, 9926291392
















संकलनकर्ता- मदनलाल खाण्डेकर, बुधराम खाण्डेकर हरिभूमि संवाददाता गिधौरी, मो.नं.- 99074-31370


WAAREE One with the Sun
अब अपने घर को मुफ्त बिजली और पर्यावरण की रक्षा का उपहार, लगाएं अपने घर में सोलर और बचायें बिजली का बिल हर माह ...
जुड़िये केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना
प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से

सोलर लगाने के फायदे
- बढ़ते बिजली बिल के टेंशन से मुक्ति
- पर्यावरण प्रदूषण से मुक्ति
- 4-5 वर्षों में कुल लागत की वापसी
- टिकाऊ व स्थायी विकल्प
- न्यूनतम रखरखाव की आवश्यकता

केंद्र के साथ अब मिलेगी राज्य की भी सब्सिडी



| सोलर प्लांट क्षमता | केंद्र सरकार की सब्सिडी | राज्य सरकार की सब्सिडी | कुल सहायता राशि |
|---|---|---|---|
| 1 KW | ₹30,000 | ₹ 15,000 | ₹45,000 |
| 2 KW | ₹60,000 | ₹ 30,000 | ₹90,000 |
| 3 KW | ₹78,000 | ₹ 30,000 | ₹1,08,000 |

बैंक द्वारा 6.5% ब्याज दर पर आसान किश्तों में 10 वर्षों के लिए ऋण सुविधा (ई.एम.आई.)

- योजना के लिए भारत के मूल निवासी पात्र होंगे।
- इस योजना में आवेदक कि उम्र 18 वर्ष से अधिक होना चाहिए।
- इस योजना में मध्यम वर्ग एवं गरीब वर्ग को प्राथमिकता दी जाएगी।
- यह योजना सभी जाति वर्गों के लिए मान्य है।
- योजना में भाग लेने के लिए आवेदक का बैंक व आधार खाता लिंक होना अनिवार्य है।
- GST में बचत और रेट में भी भारी छूट।
- बैंक लोन की सुविधा वो भी 6% की दर से
- 30 साल की वारंटी भी

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के निःशुल्क ऑनलाईन आवेदन के लिए सम्पर्क करें।

रितेश ट्रेडर्स
गिधौरी, बलौदाबाजार, छत्तीसगढ़, 493344
9009817376
9179368999
9993727037



भुसडीपाली, सोनाखान, महकम, गिरौदपुरी, मंडवा, मटिया, हसुवा, बलौदाबाजार क्षेत्र के समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ...
भुसडीपाली इण्डेन ग्रामीण वितरक
Indane SAFE. RELIABLE. CONVENIENT
-:: संबंधित फर्म ::-
कबीर ज्वेलर्स, कोटियाडीह
सदगुरु बर्तन कोटियाडीह
-:: संपर्क ::-
रमाशंकर साहू
मो. 9907368679



गिधौरी, अमलीडीह, हसुवा, बरपाली, मोहतरा के समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं...
UltraTech CEMENT The Engineer's Choice
KAMDHENU COLOUR MAX COLOUR COATED METAL SHEETS
गोपाल ट्रेडर्स
गिधौरी

रामगोपाल साहू
जनपद सदस्य अम्लीडीह एवं गिधौरी
हमारे यहाँ अल्ट्राटेक सीमेंट, एसीसी सीमेंट, कामधेनु सरिया, एशियन पेन्ट, टाईल्स, टिन-चादर एवं हार्डवेयर सामान के थोक एवं चिल्हर विक्रेता
सम्पर्क- रामगोपाल साहू
मेन रोड गिधौरी, मो. 9926100118



समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली, लक्ष्मीपूजा, गोवर्धन पूजा व भाई दूज की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
दुर्गा देवी डायग्नोस्टिक सेंटर
पेट्रोल पम्प के पास, गिधौरी मो. 8629915036

24X7 HOUR EMERGENCY SERVICE

3D&4D सोनोग्राफी
डिजिटल एक्स-रे
कम्प्युटराइज्ड पैथोलेब
दुर्गा देवी क्लिनिक
आपात कालीन सुविधा उपलब्ध समस्त प्रकार के बिमारियों का ईलाज
एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध है।
पुलिया रोड, नेहरू उद्यान के पास, शिवरीनारायण
डॉ. डी.के. साहू आयुर्वेद न्यूरोथेरेपी विशेषज्ञ, मो. 9131470420



गिधौरी क्षेत्र के समस्त जनमानस को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं.....

आनंद प्रधान
बैद्यराज
डॉ. आनंद प्रधान

सागर प्रधान (पुत्र)
हमारे यहाँ जंगली जड़ी-बूटी से हड्डी जोड़ी जाती है।
शिवजी के वरदान से कई वर्षों से सतत सेवारत
मेन रोड गिधौरी, जिला-बलौदाबाजार
सम्पर्क- 99937-69730



नगर पंचायत शिवरीनारायण एवं गिधौरी के समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं... एवं बधाई...
सुख-समृद्धि और ऐश्वर्य प्रदान करने वाली माता लक्ष्मी जी की कृपा आप सभी के ऊपर सदैव बनी रहे

मनोज तिवारी
Happy Diwali

श्रीमती अंजनी तिवारी
पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत शिवरीनारायण


संकलनकर्ता- मदनलाल खाण्डेकर, बुधराम खाण्डेकर संवाददाता गिधौरी मो.नं. - 99074-31370
















संकलनकर्ता- मदनलाल खाण्डेकर, बुधराम खाण्डेकर हरिभूमि संवाददाता गिधौरी, मो.नं.- 99074-31370













संकलनकर्ता- मदनलाल खाण्डेकर, बुधराम खाण्डेकर हरिभूमि संवाददाता गिधौरी, मो.नं.- 99074-31370







संकलनकर्ता- भानु प्रताप साहू, हरिभूमि संवाददाता कसडोल, मो. 95848-60177

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
21 अक्टूबर 2025
SHOW TIME
थामा
शो समय
12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## कार्रवाई : पीड़ित किसान अपने- अपने क्षेत्र में जुर्म दर्ज कराएं: पुलिस

# धान खरीदी में करोड़ों की ठगी, कई जिलों के किसान बने शिकार, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ हथबंद

धान खरीदी के नाम पर किसानों से लाखों रुपए की ठगी का सनसनी मामला सामने आया है। ग्राम डागरिया, कुराचंदा और धीवानपुरी सहित कई गांवों के किसानों को धोखाधड़ी का शिकार बनाया गया। मामला हथबंद थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार तक्ष टंडन पिता हरमन टंडन उम्र 38 वर्ष निवासी तारपुरी कॉलोनी सेक्टर-6, भिलाई ब्लॉक-3, जिला दुर्ग है। उसके साथ तुलाराम दरिया, निवासी ग्राम खंडवा ने मिलकर इस ठगी की साजिश रची। दोनों आरोपियों ने गांव-गांव जाकर किसानों से 2200 प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदने का झांसा दिया। किसानों से धान खरीदकर कुछ रकम मौके पर दी गई। शेष राशि 15 दिन बाद देने का वादा किया। लेकिन निर्धारित समय बीत जाने के बाद जब किसानों ने फोन के माध्यम से संपर्क करना चाहा तो दोनों आरोपी मोबाइल बंद करके फरार हो गए। शक होने पर किसान एकजुट होकर भिलाई स्थित तारपुरी कॉलोनी पहुँचे। जहाँ पता चला कि आरोपी ने रायपुर, बेमेतरा, दुर्ग और बलौदाबाजार जिलों के अनेक किसानों के साथ भी इसी तरह की ठगी की है। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और तक्ष टंडन को गिरफ्तार कर लिया गया, फिलहाल आरोपी धरसींवा थाना पुलिस की हिरासत में है। पुलिस ने किसानों को अपने-अपने क्षेत्र के थानों में रिपोर्ट दर्ज कराने कहा है। किसानों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि इस मामले में कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए और उनका मेहनत का पैसा जल्द से जल्द वापस दिलाया जाए।





### आरोपी जेल दाखिल

शिकायत के बाद हथबंद थाना प्रभारी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को पकड़कर अपराध क्रमांक 210/2025 धारा 318(4)-3(5) बीएनएस के आरोपी तुलाराम डहरिया पिता खोरबाहरा डहरिया उम्र 44 वर्ष ग्राम खड़वा थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार भाटापारा को 19 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायालय सिमगा मे पेश किया। न्यायालय के आदेश पर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया।

# सुआ नृत्य के लिए महिलाओं की टीम घर-घर में पहुंच रही



हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन

हिरमी सहित अंचल के हिरमी, भटभेरा, सकलोर, भालेसुर, मोहरा, कुथरौद सहित कई गांवों में छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व सांस्कृतिक सुआ गीत नृत्य की धूम मची हुई है। सप्ताह भर पूर्व से सुआ नर्तक दल नृत्य और मनमोहक गीत से आशीष देने पहुंच रहे हैं। इन दिनों छोटे बच्चों से लेकर बड़े लोगों की सुआ नर्तक टोली गांव व बड़े कस्बा में लोगों के घर आंगन, दुकानों में नृत्य कर आशीष देती नजर आ रही हैं। सुआ नृत्य छत्तीसगढ़ की परंपराओं में से एक महत्वपूर्ण नृत्य है। पर्व विशेष को लेकर छोटी-छोटी बालिकाएं साड़ी पहनकर सुआ नृत्य करने पहुंच रही हैं। आस-पास गांव से आ रही सुआ नृत्य की टोली बैंड बाजा पेटी के साथ पहुंच रही हैं। नृत्य देखने के लिए बच्चों की भीड़ एकत्रित होती है। सुआ नृत्य के लिए बच्चियों के अलावा महिलाओं का समूह भी हिस्सा ले रही है। गीत गाकर और ताली बजाकर नृत्य करती हैं। गांवों में यह प्रथा अब भी कायम है। महिलाएं गांव के देवी मंदिर, कुल देवी व धार्मिक स्थल, घर के सामने और आंगन में नृत्य प्रस्तुत करती हैं। त्यौहार की खुशी जाहिर करने की यह एक परंपरा है। जिसमें लोग अपनी क्षमतानुसार रुपए, अनाज, उपहार देते हैं, जिसके बाद ये टोली उन्हें गीतों के माध्यम से आशीष देती हैं।

## खबर संक्षेप



### मां लक्ष्मी की प्रतिमा केशला में स्थापित

**खरोरा** । केशला के बरबंधवा तालाब पार में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रगति महालक्ष्मी उत्सव समिति द्वारा विगत 14 वर्षो से माता लक्ष्मी की स्थापना किया जा रहा है। इस वर्ष समिति द्वारा माता लक्ष्मी के साथ साथ गणेश जी और माता सरस्वती की स्थापना किया गया है, माता लक्ष्मी की स्थापना आयुष महाराज के मंत्रोपचार के साथ माता लक्ष्मी की स्थापना किया गया। स्थापना में समिति के खेलावन धीवर, यशवंत देवांगन, यशु याली, राजकुमार, मृत्युंजय, पंडा दानी पाल, मेधांश, सोनू व बड़ी संख्या में महिलायें, बच्चे उपस्थित थे।

### लखेश्वर फेडरेशन जिला इकाई रायपुर के अध्यक्ष बने

**खरोरा**। छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े शिक्षक संगठन छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला रायपुर अध्यक्ष का निर्वाचन हुआ। जिसमें पूर्व में जिला उपाध्यक्ष का निर्वहन कर रहे है लखेश्वर वर्मा चुनाव प्रक्रिया से विजय होकर जिला अध्यक्ष बने। इसके अध्यक्ष बनने से शिक्षकों में उत्साह है, शिक्षकों का कहना है कि इनके अध्यक्ष बनने से संगठन पहले से और मजबूत होगा।



# मां महालक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित तीनदिनी सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल

ग्राम पंचायत खैरा (क) में धनतेरस पर्व के शुभ अवसर पर भव्य रूप से मां महालक्ष्मी की प्रतिमा स्थापना की गई। दुर्गा चौक के पास भक्तों ने हर्षोल्लास और जयकारों के बीच पूजा-अर्चना कर प्रतिमा की स्थापना की। इस अवसर पर पूरे गांव का वातावरण भक्तिमय हो उठा।

आयोजन की शुरुआत प्रथम दिवस भव्य कलश यात्रा से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। इसके पश्चात प्रतिदिन विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 19 अक्टूबर को जय मां वैष्णो देवी जस झांकी ग्राम छेछर की प्रस्तुति दी गई। 20 अक्टूबर को राधा-कृष्ण डांडिया ग्राम थरहीडीह तथा ज्योति सुआ नृत्य ग्राम बम्हनपुरी द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।

21 अक्टूबर को जय मां शेरावाली जसगीत एवं झांकी ग्राम पंचायत देवरीकला की ओर से प्रस्तुत की जाएगी। वहीं 22 अक्टूबर को जय मां शारदे जस झांकी ग्राम कोट कसडोल द्वारा दी जाएगी। आयोजन के अंतिम दिन 23 अक्टूबर को विशेष रूप से मां महालक्ष्मी की पूजा-अर्चना कर समापन कार्यक्रम रखा गया है।



### 13 दीए जलाकर मांगा आरोग्य का आशीर्वाद



**खरोरा** । अंचल के अनेक गांवों में शनिवार शाम धनतेरस का पर्व धूमधाम से मनाया। इस मौके पर भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना कर उनसे आरोग्य तथा सुख-समृद्धि की कामना की। मौके पर 13 दीए प्रज्वलित किए और पूजा-अर्चना की गई। प्रत्येक घरों में जल रहे दीए की रोशनी से पूरा घर जगमगा उठा। सरिका वर्मा ने बताया कि धनतेरस पर्व सभी के जीवन में उल्लास लेकर आता है, आरोग्य देने वाले आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना करने से अलौकिक शांति का अनुभव हो रहा है। उन्होंने 13 दीए पीढ़ा पर रख नारियल, अगरबत्ती, झाड़ तथा प्रसाद खरीदारी कि जिसे रखकर पूजा अर्चना की। परिवार के सभी सदस्यों ने आरती उतारी तथा भगवान धन्वंतरि की जय जय कार की। घरों में इस बार लोगों में काफी उत्साह है।

# स्काउट-गाइड ने दिया ग्रीन दीपावली मनाने का संदेश

**पलारी**। भारत स्काउट एंड गाइड्स रायपुर छत्तीसगढ़ राज्य मुख्य आयुक्त ईनदरजीत खालसा, राज्य सचिव जितेंद्र साहू एवं जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहे, जिला मुख्य आयुक्त डॉक्टर अजय राव एवं जिला आयुक्त गाइड वंदना तिवारी, सहायक जिला आयुक्त नरेश वर्मा, पलारी जिला सचिव जगदीश साहू, संयुक्त जिला सचिव कीर्ति वर्मा के निर्देशन एवं जिला संगठन आयुक्त स्काउट सूरज का साथ जिला संगठन आयुक्त गाइड एवं क्लैप सदस्य नेहा उपाध्याय एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त मनीष बघेल, स्काउट जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड रजनी कला पाटकर, ब्लॉक सचिव संजीव पटेल, शाला प्रभारी कविता ध्रुव के मार्गदर्शन में शासकीय हाई स्कूल चरौदा ब्लॉक पलारी के स्काउट गाइड के बच्चों ने जनमानस को पर्यावरण को नुकसान पहुंचाये बिना दिवाली मनाने की अपील की। उन्होंने लोकल फॉर वोकल का संदेश भी लोगों को दिया। स्काउट खिलावन, शुभम, मोनू, राज, ईश्वर, त्रिदेव, सैफ, गाइड इंदु, पुष्पांजलि, प्रियांशी, जानवी, श्रद्धा, खुशबू, उर्वशी, हेमा, खिलेश्वरी आदि ने अपना सहयोग दिया।

■ इको फ्रेंडली एवं लोकल फॉर वोकल का किया प्रचार



# महालक्ष्मी, महासरस्वती व श्रीगणेश की मल्दा में पूजा

**सेल**। ग्राम पंचायत मल्दा में गुड़ी चौंक में महालक्ष्मी सरस्वती गणेश का पूजा अर्चना कर मूर्ति स्थापित किया गया है। 18 अक्टूबर को शाम को पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया गया हैं। अपने अपने घर परिवार में सुख समृद्धि का कामना किया गया है। 20 अक्टूबर को महालक्ष्मी का विशेष रूप से पूजन अर्चना विधि विधान से किया जाएगा। आस्था का केंद्र बिंदु बना हुआ हैं। धनतेरस पर्व के मौके पर नवयुवक महालक्ष्मी समिति के द्वारा महालक्ष्मी सरस्वती माता एवं गणेश भगवान का प्रतिमा स्थापित किया गया है। जयकारे लगाते हुए भक्तगण ग्राम पंचायत मल्दा के बस्ती अंदर पंडालों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।



## बिजनेस साइट

# संदीप आयशर गिधौरी में 30 किसानों ने खरीदे ट्रैक्टर

**गिधौरी** । धनतेरस के शुभ अवसर पर संदीप आयशर ट्रैक्टर्स गिधौरी में किसानों के सम्मान का विशेष आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के 30 किसानों ने नए आयशर ट्रैक्टर खरीदे। कार्यक्रम में किसानों ने आयशर के लोकप्रिय 333 और 380 मॉडल के ट्रैक्टर लिए, जो अपने मजबूत इंजन, आकर्षक डिजाइन और सुंदर रंगों के कारण किसानों में विशेष रूप से लोकप्रिय हैं।

आयशर ट्रैक्टर के 66 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस समारोह में सभी किसानों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आशुतोष पाठक (जोनल हेड, सेंट्रल जोन), हेमंत बारिक (आर.एम.), ऋषि परघनिया, राम बदन यादव (ए.एम.), तथा आयशर ट्रैक्टर के अधिकृत विक्रेता निरंजन अग्रवाल और संदीप अग्रवाल सहित स्टाफ के सदस्य एवं सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

किसानों ने मीडिया से बातचीत में बताया कि आयशर ट्रैक्टर की गुणवत्ता और प्रदर्शन उत्कृष्ट है तथा कंपनी द्वारा दी जा रही सेवाएँ भी संतोषजनक हैं। किसानों ने आयशर ट्रैक्टर को एक भरोसेमंद साथी बताया जो खेती के हर कार्य में सहयोगी सिद्ध हो रहा है।



### गोड़ समाज ने मनाया नवाखाई का पर्व

**महासमुंद**। गोंड़ समाज द्वारा बूढ़ादेव पूजा एवं नवाखाई का कार्यक्रम हुआ। यह आयोजन 18 अक्टूबर को सुबह 10 बजे स्थानीय बूढ़ादेव भवन कलेक्टर आफिस के सामने बीटीआई रोड वार्ड 29 महासमुंद में किया गया। सर्वप्रथम ईष्टदेव बूढ़ादेव की पूजा अर्चना की गई। पश्चात उपस्थित समाज प्रमुखों का उद्बोधन कार्यक्रम हुआ। दोपहर 2.30 बजे सामूहिक नवाखाई का कार्यक्रम हुआ।










HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130